प्रादेशिक समाचार

दिनांक–22.02.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल पूर्वाह्न 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचारों को करेंगे साझा।
- केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची में दिशा की बैठक में अधिकारियों को केंद्र प्रायोजित योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने का दिया निर्देश।
- पूर्वी सिंहभूम के चाकुलिया में मॉबलिंचिंग का मामला आया सामने, मवेशी चोरी के आरोप में दो युवकों की पीट–पीटकर हत्या, एक आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी।
- रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज बारिश से गिरा पारा, मौसम विभाग ने 13 जिलों में कल भी तेज हवा के साथ बारिश और ओलावृष्टि का जारी किया ऑरेंज अलर्ट।
- चैंपियन्स ट्रॉफी में कल भारत और पाकिस्तान की टीम होगी आमने–सामने, दुबई में दोपहर ढ़ाई बजे शुरु होगा मैच।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल पूर्वाह्न 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 119वीं कडी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी प्रादेशिक भाषाओं में कार्यक्रम प्रसारित करेगा।

*******************

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने केंद्र प्रायोजित योजनाओं के क्रियान्वयन में गंभीरता बरतने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। वे आज रांची में दिशा की बैठक में अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। बैठक के दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन, पीएम ग्राम सड़क योजना सहित अन्य कई योजनाओं की धीमी प्रगति पर चिंता जाहिर की। रक्षा राज्य मंत्री ने रांची के रातू रोड में एलिवेटेड कॉरिडोर को बाबा साहब अंबेडकर की जयंती के दिन लोकार्पण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

*******************

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में पूसा कृषि विज्ञान मेला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कृषि के क्षेत्र में लगातार काम कर रही है।

*******************

कांग्रेस के झारखंड प्रदेश प्रभारी के राजू ने कहा है कि राज्य में कांग्रेस के सांगठनिक ढांचे को और मजबूत किया जाएगा। वे आज चाईबासा में पार्टी के कोल्हान प्रमंडल स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे।

*******************

रांची–नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस आज अपने निर्धारित समय शाम छह बजे की बजाय रात ग्यारह बजे रांची स्टेशन से खुलेगी। लिंक रेक के विलंब की वजह से ट्रेन के प्रस्थान समय में बदलाव किया गया है। वहीं, जम्मू तवी–सम्बलपुर एक्सप्रेस 23 और 25 फरवरी, जम्मू तवी– टाटानगर एक्सप्रेस 24 और 26 फरवरी तथा टाटानगर–जम्मू तवी एक्सप्रेस 26 और 28 फरवरी तथा दो मार्च को रद्द रहेगी।

*******************

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि भारत को वैश्विक स्तर तक ले जाने के लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की परिकल्पना की गई है। नई दिल्ली में दिल्ली विश्वविद्यालय के आज 101वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए श्री प्रधान ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाएं।

*******************

पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा है कि मैट्रिक परीक्षा के पेपर लीक मामले को लेकर राज्य सरकार गंभीर है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक में जो भी दोषी होंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

*******************

गढ़वा जिला प्रशासन 25 फरवरी तक चलने वाले फाइलेरिया रोधी अभियान के निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी तरह गंभीर है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

*******************

पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया स्थित जोड़गा गांव में ग्रामीणों ने मवेशी चोरी के आरोप में दो युवकों की पीट–पीटकर हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी भी गिरफ्तार कर लिया गया है तथा अन्य की तलाश की जा रही है।

वहीं, मानगो थाना पुलिस ने आज जवाहर नगर में ब्राउन शुगर बेच रहे तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। जिले के ग्रामीण पुलिस पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने बताया इनके पास से चालीस पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद हुई है।

*******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के जेटेया थाना क्षेत्र में सुरक्षा बलों को सर्च ऑपरेशन के दौरान बड़ी सफलता मिली है। इस दौरान पुलिस को निशाना बनाने के मकसद से बिछाए गए दो आईईडी विस्फटक को बरामद कर उसे सुरक्षित डिफ्यूज कर दिया।

*******************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज झमाझम बारिश होने से न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। कल भी राज्य के 13 जिलों में तेज हवा के साथ बारिश और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

*******************

चैंपियन्स ट्रॉफी में कल भारत और पाकिस्तान की टीम आमने–सामने होगी। दुबई में दिन के ढ़ाई बजे से यह मैच शुरु होगा। इधर, आज लाहौर में आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच मैच जारी है।

******समाप्त*******